*प्रेस नोट*

*जनपद भदोही*

*दिनांक - 04.09.2026*

*थाना औराई पुलिस द्वारा  गांजा बेचने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 1.076 किलोग्राम अवैध गांजा व ₹2,600/- नकद बरामद*

*घटना का संक्षिप्त विवरण*

थाना औराई पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों तथा मादक पदार्थों की बिक्री/तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 04.09.2026 को भरतपुर नहरा पुलिया के पास दो व्यक्तियों द्वारा अवैध गांजा की बिक्री किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 1.076 किलोग्राम अवैध गांजा एवं ₹2,600/- नकद बरामद किया गया। प्रकरण में थाना औराई पर मु0अ0सं0-0393/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

*गिरफ्तारी का विवरण:-*

*श्री अभिनव त्यागी,* पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत *श्री शुभम अग्रवाल*, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 04.09.2026 को थाना औराई पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर भरतपुर नहरा पुलिया, के पास से गांजा की बिक्री कर रहे 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राजपति के कब्जे में प्लास्टिक के झोले से 1.076 किलोग्राम अवैध गांजा तथा अभियुक्त सूरज के कब्जे से ₹2,600/- नकद बरामद हुआ। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना औराई पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

*गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:-*

1.राजपति पुत्र स्व0 बंशी, उम्र करीब 55 वर्ष, निवासी ग्राम सोनबरसा तारापुर, थाना औराई, जनपद भदोही।

2.सूरज कुमार पुत्र राजपति, उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी ग्राम सोनबरसा तारापुर, थाना औराई, जनपद भदोही।

*बरामदगी का विवरण:-*

1.076 किलोग्राम नाजायज गांजा

₹2,600/- नकद (गांजा बिक्री से प्राप्त)

*पंजीकृत अभियोग:-*

अभियुक्त के विरुद्ध थाना औराई पर मु0अ0सं0 393/26 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट (NDPS Act

*पूछताछ का विवरण:-*

पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि वे अवैध तरीके से गांजा बेचकर जीवन यापन करते थे ।आज भी वे गांजा बेचने के लिए आये थे कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। बरामद ₹2,600/- के संबंध में भी अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि उक्त धनराशि गांजा बिक्री से प्राप्त हुई है।

*गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-*

उ0नि0 रामाश्रय यादव, हे0का0 राकेश सिंह,हे0का0 कैलाश भारती

,हे0का0 राजू कुमार राव,का0 रितिक राजपूत,का0 जयकरन

थाना औराई, जनपद भदोही